# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास (सासाराम) बिहार

पत्रांक H-03 /

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
रोहतास, सासाराम।

सेवा में,

सहायक सचिव (संबंधन)
सी0बी0एस0ई0 (CBSE) नई दिल्ली।

सासाराम, दिनांक 2-1-2018

विषय :– डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, कोचस, जिला–रोहतास (बिहार) को अनापत्ति प्रमाण–पत्र (N.O.C.) एवं मान्यता (Recognition) प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संदर्भ में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, कोचस, जिला–रोहतास (बिहार) के पत्रांक DAV/Kochas/2017/646 दिनांक 06.10.2017 के आलोक में दिनांक 31.12.2017 को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। समीक्षोपरांत स्थिति निम्नवत पाया गया।

1. यह विद्यालय DAV College Trust and Management Society New Delhi के अधीन संचालित है।
2. बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय, जिला–रोहतास, पटना के पत्रांक RTE/781 दिनांक 28.06.2017 के अनुसार इस विद्यालय को प्रस्वीकृति प्रदान किया गया है। जिसकी प्रस्वीकृति (Recognition) प्रमाण संख्या RC/BIH/ROH/2017-18/ 269 है। वर्तमान में यह विद्यालय कक्षा आठवीं तक चल रहा है।
3. जाँचोपरांत यह पाया गया कि इस विद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों को केन्द्र सरकार के मानक के अनुरूप वेतन निर्गत किया जाता है।
4. विद्यालय को CBSE के मान्यता मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध है। विद्यालय के पास पर्याप्त उपस्कर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं खेल के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।
5. विद्यालय द्वारा वार्षिक अंकेक्षण (Audit) कराया जाता है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, कोचस, जिला–रोहतास (बिहार) को सी0बी0एस0ई0 (CBSE) नई दिल्ली से संबद्धता (Affiliation) हेतु अनुशंसा की जाती है।

विश्वासभाजन

02.01.18

(महेन्द्र पोद्दार)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
रोहतास, सासाराम (बिहार)

TEACHER INCHARGE
D. A. V. PUBLIC SCHOOL
Kochas, Rohtas
Bihar, Pin-821112

MANAGER
D. A. V. Public School
Kochas
Rohtas (Bihar)

पत्रांकः–10/न– 01/2018..................

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक

तसनीमुर रहमान,
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में

अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक..............................

विषयः– **D.A.V PUBLIC SCHOOL, कोचस रोहतास को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **D.A.V PUBLIC SCHOOL, कोचस रोहतास** को अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने के संबंध में उक्त विद्यालय के प्राचार्य/सचिव/विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ–पत्र के साथ संलग्न उक्त विद्यालय के अभिलेखों/कागजातों एवं जांच समिति के प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तद्नुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गईः–

1. यह विद्यालय **दयानंद एंग्लो–वैदिक कालेज सोसायटी** के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति/परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी/न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3. विद्यालय को 3.125 एकड़ भूमि उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।**

4. विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हैं। विद्यालय में **कुल 19** शिक्षक हैं। **सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।**

5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6. विद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करें। इसे सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या–238, दिनांक–04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है।

**अपेक्षित शर्तो के अनुसारः–**

**(i)** विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निःशुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएं तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय प्रतिवर्ष रूपया 2,00,000/–(दो लाख रूपये मात्र) से कम होगा, को रखा गया है।

TEACHER INCHARGE
D.A.V. PUBLIC SCHOOL

MANAGER
D. A. V. Public School
Kochas
Rohtas (Bihar)

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के0जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलामीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर तक रहेगी।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. यद्यपि कि विद्यालय का प्रबंधन द्वारा सभी अनिवार्य शर्त्तों को पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से दावा किया गया है, फिर भी सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।

9. साथ ही सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्त्तो का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्त्तों के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बन्द्धन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

10. विभागीय पत्रांक–46, दिनांक–18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11. विद्यालय, बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

उपर्युक्त वर्णित शर्त्तों के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिय गये निर्णयानुसार **D.A.V PUBLIC SCHOOL**, कोचस रोहतास को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(तसनीमुर रहमान)
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :–10/न– 01/2018 ........................ पटना, दिनांक................................

प्रतिलिपि :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह0/–

विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :–10/न– 01/2018 ........774 पटना, दिनांक.....28/6/2018

प्रतिलिपिः– **D.A.V PUBLIC SCHOOL,** कोचस रोहतास को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/6/18

विशेष निदेशक,(माध्यमिक शिक्षा)

ATTESTED

HEADMASTER
D.A.V. PUBLIC SCHOOL
Kochas, Distt.-Rohtas
Bihar, Pin-821112
CBSE AFFLI. No.-330897
School No

ATTESTED

MANAGER
D. A. V. Public School
Kochas
Rohtas (Bihar)

TEACHER INCHARGE
D. A. V. PUBLIC SCHOOL
Kochas, Rohtas
Bihar, Pin-821112

MANAGER
D. A. V. Public School
Kochas
Rohtas (Bihar)